# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 09.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)

*****************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा स्थिति और भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के० त्रिपाठी शामिल हुए। बैठक में रक्षा सचिव आर.के. सिंह भी उपस्थित थे।

इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशकों के साथ बैठक कर रहे हैं।

*****************

रक्षा मंत्रालय ने सभी मीडिया चौनलों, डिजिटल प्लेटफॉर्म और नागरिकों से रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही की लाइव कवरेज या वास्तविक समय की रिपोर्टिंग न करने को कहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मंत्रालय ने कहा कि ऐसी संवेदनशील जानकारी का खुलासा अभियान की प्रभावशीलता को खतरे में डाल सकता है।

*****************

भारतीय सेना अद्‌भुत शौर्य और पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए दुश्मन देश को करारा जवाब दे रही है। इधर, रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर मे भी युवाओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा की और भारतीय सेना की रक्षा के लिए प्रार्थना की।

*****************

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने कहा है कि सभी एटीएम, धनराशि जमा करने की मशीनें, स्वचालित नकदी जमा और धन निकासी की मशीनें तथा सभी डिजिटल सेवाएं पूर्ण रूप से संचालित हो रही हैं और आम जनता के इस्तेमाल के लिए उपलब्ध हैं। एक परामर्श में बैंकों ने ग्राहकों से किसी भी अनधिकृत सूचना पर भरोसा न करने की सलाह जारी की है। बैंकों ने उपभोक्ताओं से किसी भी शंका के निवारण के लिए अपनी नजदीकी शाखा में जाने और बैंकों के टोल फ्री नम्बर पर सम्पर्क करने का आग्रह किया है।

*****************

रांची में सेना की खुफिया एजेंसी (मिलिट्री इंटेलिजेंस) और झारखंड एटीएस (आतंकवाद निरोधी दस्ता) ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर सेना की नकली वर्दी बरामद की है। लखनऊ मिलिट्री इंटेलिजेंस से मिली विशेष सूचना के आधार पर बूटी मोड़ इलाके की एक दुकान पर कार्रवाई की गई, जहां से सेना की नकली वर्दी और बिना इजाजत बनाए गए लड़ाई वाले कपड़े बरामद किए गए जिन्हें आम लोगों को बेचा जा रहा था। इस मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

*****************

आईआरसीटीसी ने देखो अपना देश योजना के तहत तीर्थयात्रियों के लिए भारत गौरव पर्यटक ट्रेन सेवा शुरू करने की घोषणा की है। आईआरसीटीसी के पदाधिकारी विश्वरंजन साहा ने बताया कि यह ट्रेन 31 मई को धनबाद से रवाना होगी और हजारीबाग रोड समेत कई स्टेशनों से यात्रियों को बोर्डिंग की सुविधा मिलेगी।

*****************

कोडरमा–गया रेल खंड पर संरक्षा और यात्री सुविधाओं के अलावे अब कोयला लोडिंग बढ़ाने की पुरजोर तैयारी की जा रही है, ताकि रेल के जरिये औद्योगिक विकास को गति प्रदान किया जा सके। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*****************

मौसम विभाग ने आज गुमला, खूंटी, लोहरदगा, रांची और पश्चिम सिंहभूम के कुछ हिस्सों में गरज और हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी जारी की है। साथ ही अगले तीन घंटों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना है। लोगों को पेड़ों के नीचे और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

**********************